भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान धार्मिक स्थानों को हुई क्षति

286. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री रघुनाथ सिंह :
श्री दड़े :
श्री काशीराम गुप्त :
श्री दे० जी० नायक :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि पिछले भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पाकिस्तान ने सात मन्दिर, दो गुरुद्वारे और एक गिरजाघर नष्ट कर दिये थे ;

(ख) क्या यह भी सच है कि सेन्ट पाल चर्च पर बम गिरने से लगभग 5 लाख रुपये की हानि हुई है ;

(ग) मन्दिरों, गुरुद्वारों और गिरजाघरों के नष्ट होने से कुल कितनी क्षति हुई है ;

(घ) इस सम्बन्ध में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ङ) देश के गांवों तथा धार्मिक स्थानों को पाकिस्तान द्वारा पहुंचाई गई क्षति का पूरा ब्यौरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) हमें प्राप्त सूचना के अनुसार पिछले संघर्ष में पाकिस्तानी आक्रमण के कारण कुछ मन्दिरों तथा अन्य धार्मिक स्थानों को क्षति पहुंची । ऐसे धार्मिक पूजा स्थलों की ठीक-ठीक संख्या के बारे में सूचना एकत्रित की जा रही है जिनको क्षति पहुंची ।

(ख) जी हां ।

(ग) अभी तक उपलब्ध सूचना के अनुसार 8 लाख रुपये के लगभग क्षति का अनुमान है ।

(घ) इस बारे में भारत सरकार द्वारा किसी खास कार्यवाही का विचार नहीं है ।

(ङ) धार्मिक स्थानों की क्षति का अनुमान पहले ही प्रश्न के भाग (ग) के उत्तर में दे दिया गया है । गांवों की क्षति के बारे में सूचना एकत्रित की जायगी और यथासमय सदन के सभा-पटल पर रख दी जायगी ।

पाकिस्तानी घुसपैठ

287. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अप्रैल के अन्तिम सप्ताह में त्रिपुरा-कोमिला सीमा के फूल कुमारी वन में एक पाकिस्तानी दस्ता घुस आया और उसने वृक्ष काट डाले ;

(ख) यदि हां, तो इसके फलस्वरूप कितनी हानि हुई ; और

(ग) इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी हां ।

(ख) वृक्ष काटने के कारण होने वाली हानि की ठीक-ठीक राशि ज्ञात नहीं । किन्तु हमारी और कोई जन हानि नहीं हुई ।

(ग) पाकिस्तान सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह अपराधियों का पता चलाये और भविष्य में इस प्रकार के अतिक्रमण और अपराधों की रोक थाम के लिये कदम उठाये ।